अधिनायकतंत्र
(Dictatorship)

अधिनायकतंत्र का स्वरूप (The nature of Dictatorship)

~~अधिनायकतंत्र / अधिनायकवाद~~ शब्द का प्रयोग साधारणतः ऐसे संदर्भ में करते हैं, जहाँ कोई व्यक्ति अपने विलक्षण नेतृत्व, लोकप्रियता या अन्य संगठन की निष्ठा के बल पर संवैधानिक व्यवस्था (constitutional system) को धाराशायी करके पूर्ण सत्ता पर अपना अधिकार स्थापित कर लेता है।

अधिनायकतंत्र लोकतंत्र का विपरीत पक्ष प्रस्तुत करता है → लोकतंत्र राज्य और समाज के बीच अटूट संबंध स्थापित करना चाहता है, अधिनायकवाद राज्य को समाज से काट देता है। अधिनायकतंत्र की विडंबना यह है कि वह राज्य और समाज को समृद्ध सत्ता घोषित करके वे सारी शक्तियाँ राज्य के हाथों में दे देता है।